# स्टॉक मार्केट

# Investment rules

----------------By SMART GROWTHX----------------

SMART GROWTHX

# © Copyright

© Copyright SMART GROWTHX

All rights reserved. No portion of this ebook may be reproduced & Resell in any form without permission from the publisher & Writer, except as permitted by U.S. copyright law.

**We have full copyright of our book, do not try to resell it, if we find that someone is reselling our book, we will take right action against him.**

Contact us:
ebook.media.pvt@gmail.com

# Disclaimer

This is only for Educational Purpose. we are not SEBI registered advisor and we are not responsible for any kind of loss/gain made by any individual /Group.

Note : यह ईबुक शैक्षिक उद्देश्यों के लिए है और शेयर बाजार में निवेश करने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार (Financial Advisor ) से सलाह अवश्य लें ।

SMART GROWTHX

## RULE: किसी की बातों में आकर या अफवाहों के आधार पर कभी भी निवेश ना करें

शेयर बाजार में इस बात का हमेशा ध्यान दीजिए कि कभी किसी की बातों में आकर निवेश नही करना है। क्योंकि क्या पता सामने वाला जो आपको जानकारी दे रहा है उसे खुद शेयर बाजार के बारे में बहुत ज्यादा कुछ पता ही ना हो। या हो सकता है इसमें उसका कोई स्वार्थ छिपा हो।

और आप उनकी बातों में आकर अपने पैसे शेयर बाजार में निवेश कर देते हैं। इससे आपका कभी भी मुनाफा नहीं होगा बल्कि नुकसान होने की संभावना अधिक होगी। इसीलिए दूसरों की बातों में आकर शेयर बाजार मे निवेश करने से बचें। हमेशा खुद से जानकारी हासिल करें या फिर किसी वित्त सलाहकार से सलाह लेकर निवेश करें । इसमे बहुत ही आसान भाषा मे यह बताया गया है कि आप कैसे अच्छे शेयरों का चयन कर सकते हैं जिनमे निवेश करके भविष्य में अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है।

Copyright © SMART GROWTHX

# RULE: स्टॉपलॉस का प्रयोग अवश्य करें

अगर आप कुछ पुराने निवेशक हैं तो आपको स्टॉपलॉस के बारे में पता होगा, आपको यह भी पता होगा कि स्टॉपलॉस का प्रयोग कब और कैसे करना चाहिए।

स्टॉपलॉस का मुख्य उद्देश्य नुकसान को सीमित करना और प्रॉफिट को बनाए रखना है। स्टॉपलॉस खरीद ओर बिक्री दोनों प्राइस पर लगाया जा सकता है।

जब भी आप शेयर बाजार में निवेश करें तो स्टॉपलॉस का प्रयोग जरूर करें क्योंकि यह आपके नुकसान को सीमित रखता है और प्रॉफिट को बनाए रखता है।
एक सफल निवेशक हमेशा स्टॉपलॉस का प्रयोग करता ही हैं।

Copyright © SMART GROWTHX

## RULE: शेयर बाजार में वही पैसा लगाएं जिसका आपको लंबे समय तक जरूरत ना हो

बहुत बार होता है कि निवेशक अपने जरूरी खर्चों मे उपयोग होने वाला पैसा शेयर बाजार में लगा देते हैं, इससे न तो वह अपने पैसों को लंबे समय तक शेयर बाजार में निवेश करके रख पाते हैं और न ही शेयर बाजार से होने वाले नुकसान को झेल पाते हैं।

ऐसे निवेशकों के लिए शेयर मार्केट में निवेश करना खतरनाक सौदा माना जाता है क्योंकि अगर मुनाफा हुआ तो ठीक है लेकिन यदि नुकसान हुआ तो लोग काफी तनाव में आ जाते हैं और नुकसान झेल नहीं पाते हैं। शेयर बाजार में नुकसान से बचने की यह महत्वपूर्ण टिप्स है कि यहां वही पैसा लगाएं जिसका आपको लंबे समय तक जरूरत ना हो। जरूरी पैसे या कहीं से कर्ज लेकर कभी भी निवेश मत करें ।

Copyright © SMART GROWTHX

# RULE: अलग-अलग सेग्मेंट में निवेश करें

शेयर बाजार मे नुकसान से बचने का यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण तरीका है कि कभी भी अपना पैसा एक ही जगह निवेश न करें।
अपने पैसों को कई भागों में बांट कर अलग -अलग सेग्मेंट में निवेश करें जैसे कुछ पैसा इक्विटी में तो कुछ कमोडिटी में इसी प्रकार म्युचुअल फंड, डेरिवेटिव और बॉन्ड में भी थोड़ा-थोड़ा निवेश करें।
जिससे किसी एक सेगमेंट में गिरावट हो रही हो तो दूसरे सेग्मेंट में होने वाले प्रॉफिट से अपने लॉस को कम कर सकें। ऐसा संभव नही है कि एक ही समय पर हर सेग्मेंट में आपको लॉस ही हो। कभी कुछ सेग्मेंट में नुकसान हो रहा होगा तो किसी दूसरे सेग्मेंट में प्रॉफिट भी जरूर बन रहा होगा।

Copyright © SMART GROWTHX

# RULE: शेयर बाजार को सट्टा मानने की गल्ती न करें

भारत मे ज्यादातर लोग शेयर बाजार को जुवां या सट्टा समझते हैं। और यहां तुक्का लगा कर अपने पैसे निवेश करते हैं।

हम आपको बता दें कि शेयर बाजार न तो जुवां है और न ही सट्टा है यदि ऐसा होता तो कुछ लोग नियमित यहां से अच्छी कमाई न कर पाते और कुछ लोग तो इसी को अपना फुलटाइम कैरियर बनाए हुए हैं और शेयर बाजार से लाखों-करोड़ों रुपए कमा रहे हैं।

शेयर बाजार भी आम बाजारों जैसा ही एक बाजार है और यहां पर निवेश करके अच्छी कमाई कर पाना एक कला है। आप शेयर बाजार को सट्टा समझ कर तुक्केबाजी करके निवेश करेंगे तो हमेशा नुकसान ही होगा फिर आपके लिए यह बाजार जुवां या सट्टा ही बनकर रह जाएगा।

यदि आप शेयर बाजार में निवेश करके पैसे कमाना चाहते हैं तो मेहनत करें पहले इस बाजार को समझें इसके चरित्र को समझें कि यह काम कैसे करता है तब यहां निवेश करें शर्तिया आपको लाभ जरूर होगा।

Copyright © SMART GROWTHX

# RULE: बहुत ज्यादा लालची और डरपोक न बनें

यह बात तो सच है कि कोई भी निवेशक अपने निवेश के बदले में ज्यादा रिटर्न के लालच मे ही शेयर बाजार में निवेश करता है।
और शेयर बाजार में इतना लालच तो होना भी चाहिए लेकिन इस लालच की एक सीमा भी होनी चाहिए क्योंकि शेयर बाजार कोई ऐसी जगह नही है कि आपको रातोरात करोड़पति बना देगा।
शेयर मार्केट में निवेश करने के बाद अधिकतर निवेशकों का लालच बढ़ने लगता है वो बहुत जल्दी पैसा कमाने के चक्कर मे पड़ जाते हैं और बहुत जल्दी – जल्दी शेयर खरीदने और बेचने लग जाते हैं।
लालच की वजह से वो अपने निवेश को उचित समय भी नही दे पाते हैं। जल्दी- जल्दी पैसे कमाने के लालच में वह इधर-उधर की टिप्स लेकर गलत निवेश करने लगते हैं।
जिसका नतीजा यह होता है कि वो बहुत जल्दी ही अपनी मेहनत से कमाई गई पूंजी को शेयर बाजार में गवां कर शेयर बाजार छोड़कर बाहर चले जाते हैं।

SMART GROWTHX

Copyright © SMART GROWTHX

वहीं कुछ निवेशक ऐसे होते हैं जो शेयर बाजार में बहुत डर-डर कर निवेश करते हैं उनको हमेशा ये डर सताता रहता है कि कही नुकसान न हो जाए।
एक सीमा तक तो ये डर जायज होता है लेकिन बहुत ज्यादा डर नुकसान का कारण भी बन जाता है क्योंकि आपने शेयर बाजार मे निवेश किया और किसी कारणवश उस शेयर के दाम गिरने लगते हैं तो कुछ दिन इंतजार करने की जगह घाटे में ही उसे बेचकर निकल जाते हैं। हो सकता है कि डरने के बजाए कुछ दिन इंतजार कर लिया जाता तो शायद वह शेयर फिर से बढ़ना शुरू हो जाता और हमे घाटा न उठाना पड़ता।
लालच और डर दोनों भावनाएं इन्वेस्टर के अंदर होती ही हैं और अक्सर यही भावनाएं शेयर बाजार मे नुकसान का कारण भी बनती हैं।

SMART GROWTHX

Copyright © SMART GROWTHX

SMART GROWTHX